## सार-समाचार

### लोक अदालत में 66 चैक बाउंस के मामले निबटे

**किशनगढ़ बास।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। खैरथल एवं किशनगढ़बास में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा कुमारी की अध्यक्षता में बेंच बनी और अधिवक्ता रामनिवास सदस्य रहे। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी भी रहे। इसके अलावा जिला अध्यक्ष एवं जिला जज के मार्गदर्शन में मुण्डावर, तिजारा, भिवाड़ी एवं कोटकासिम में भी एक-एक बेंच का गठन किया गया था। लोक अदालत में आपसी समझाइश से कुल 66 चेक बाउंस प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण किया गया।

### 65 बसों की चेकिंग, 37 वाहनों पर 1 लाख 72 हजार के चालान से मचा हड़कंप

**किशनगढ़ बास।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला व सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने परिवहन विभाग व पुलिस टीम के साथ टोलनाका मातौर एवं ततारपुर चौराहे पर 65 वाहनों की जांच की जिनमें यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 37 वाहनों पर कुल 1 लाख 72 हजार रुपये के चालान किए गए। ये चालान न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के लिए किए गए हैं। यह सघन जांच राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत की गई। जिला सचिव ने बताया शनिवार को टोलनाका मातौर एवं ततारपुर चौराहे पर जिला परिवहन अधिकारी कृष्णावतार, पुलिस विभाग के शिवलाल, ततारपुर थाना पुलिस जाब्ता एवं संबंधित विभागों के कर्मचारियों की टीम के साथ रूट से निकलने वाली स्लीपर कोच, लग्जरी यात्री बसों, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज एवं निजी यात्री बसों सहित सिटी बसों और मिनी बसों की सुरक्षा व्यवस्थाओं के मध्यनजर वाहनों के वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसी), अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, आपातकालीन निकास द्वार, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों में संरचनात्मक खामियों और अनाधिकृत बदलावों की जांच की गई। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए शिकायत पेटी तथा सिटी बसों और मिनी बसों में स्पीड गवर्नर की स्थापना एवं कार्यशीलता भी जांच के दायरे में रही। जांच के दौरान जिला सचिव ने प्रत्येक निरीक्षणाधीन बस में रालसा का हेल्पलाइन नम्बर9928900900हिंदी एवं अंग्रेजी में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कराने पर भी जोर दिया, ताकि यात्री बस संचालन, चालक-परिचालक के व्यवहार अथवा यात्री सुरक्षा से सम्बंधित शिकायतों के लिए सीधे प्राधिकरण से सम्पर्क कर सकें। अभियान के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुरक्षा सम्बन्धी गम्भीर खामियों एवं वैधानिक उल्लंघनों पर नियमानुसार चालान, निरोध या जब्ती की कार्रवाई का प्रावधान है। वहीं शिकायत पेटी नहीं होने अथवा दरवाजों-खिड़कियों के माप से सम्बंधित मामूली तकनीकी भिन्नताओं को अपने आप में वाहन जब्ती का आधार नहीं माना गया है।

### सेंट सोल्जर महिला महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट आयोजित

**टोंक।** मेरा युवा भारत शाखा टोंक द्वारा सेंट सोल्जर महिला महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरकारी कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुलोचना मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से गजेन्द्र कुमावत, जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर, सेंट सोल्जर शिक्षा समिति के निदेशक बाबूलाल शर्मा, हितेश शर्मा, सेंट सोल्जर महिला महाविद्यालय के प्राचार्य राघवेन्द्र नामा, निर्णायक मंडल के समस्त सदस्यों एवं अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं युवाओ के आदर्श स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त आईएएस शिवजी राम प्रतिहार, सेवानिवृत आचार्य डॉ मनु शर्मा, सह आचार्य डॉ नरेश कुमार वर्मा, सहायक आचार्य निकिता वर्मा, वकील एवं युवा नेता श्री विवेक औदिच्य जी सदस्यों के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी ने युवा संसद के उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की आवाज़ को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना है, ताकि वे जनहित से जुड़े मुद्दों को समझें, आम नागरिकों के दृष्टिकोण को जानें तथा अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सकें। इसके माध्यम से युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता, दूसरों के विचारों के प्रति सम्मान एवं सहिष्णुता और नियमों के अनुसार सार्थक चर्चा करने की भावना विकसित करना है। साथ ही, विकसित भारत के विजन पर युवाओं के विचारों एवं सुझावों को संकलित कर उन्हें नीति-निर्माताओं एवं क्रियान्वयनकर्ताओं तक पहुँचाना है, ताकि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

### निवाई में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**निवाई।** स्थानीय न्यायालय में तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष सृष्टि चौधरी की अध्यक्षता में एनआईएक्ट स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम के मामलों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक एवं यूनियन बैंक के लंबित ऋण एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया। लोक अदालत के दौरान तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष सृष्टि चौधरी ने दोनों पक्षों के मध्य आपसी समझाइश करके कुल 12 प्रकरणों का आपसी राजीनामे के आधार पर सफल निस्तारण करवाया। जिसमें कुल 25 लाख 87,276 रूपए समझौता राशि के अवार्ड पारित किए गए। इस अवसर पर अधिवक्ता मोहम्मद सलीम, संबंधित बैंकों के अधिकारी, न्यायिक कर्मचारी एवं कई पक्षकार मौजूद थे।

### सांभर में न्यायिक अधिकारियों ने सैंतीस प्रकरण निबटाये

**सांभरझील,** (निसं)। यहां न्यायिक अधिकारियों ने विशेष लोक अदालत में उधारी से जुड़े एनआई एक्ट के 37 प्रकरणों को दोनों पक्षों के बीच आपस में समझाइईश कर सहमति बनने के बाद निस्तारण किए। बताया गया कि इन मामले में चेक अनादरण होने पर पीड़ित पक्षों की ओर से उसके द्वारा दी गई राशि को दिलवाने हेतु परिवाद पेश किया गया था, जो न्यायालय में विचाराधीन चल रहे थे। 523 प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्रों पर न्याय के अधिकारी सुनवाई कर आपस में दोनों पक्षों के बीच वार्ता करवा कर सुलह करवाई। विशेष लोक अदालत के आयोजन के दौरान दोनों पक्षों के और से पैरवी कर रहे वकीलों न्यायिक अधिकारियों एवं स्टाफ की मौजूद की राही।

### शाहपुरा में दानपात्र चोरी के मामले में दो आरोपी पकड़े

**शाहपुरा।** ग्रामीण पुलिस ने मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए साईवाड़ स्थित बालाजी मंदिर से दानपात्र चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद एवं एएसपी लाखन सिंह के निर्देशन में शाहपुरा थाना प्रभारी रिया चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए साईवाड़ निवासी रमेश मीणा एवं श्यामसुंदर कुमावत को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों पर साईवाड़ के बालाजी मंदिर से दानपात्र चोरी करने का आरोप है। मामले में डीएसपी लक्ष्मीनारायण सैनी द्वारा आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### चाकूबाजी कर फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार व एक बालक निरूद्ध

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टोंक वृत्ताधिकारी मृत्युजंय मिश्रा एवं पुरानी टोंक थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित थाना टीम एवं जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त द्वारा पुरानी टोंक थाना क्षेत्र केप्टन कॉलोनी में हुए चाकूबाजी के बाद फरार आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए टीम ने मुख्य आरोपी राजवीर असल पुत्र भंवर लाल गुर्जर उम्र 19 साल निवासी अस्तल रोड छावनी टोंक को गिरफ्तार करने के साथ ही एक नाबालिग बालक को निरुद्ध किया गया है।

# टोंक : कबाड़ के गोदाम में भीषण आग, लाखों के पुराने टायर जले

**टोंक,( निंस )।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित काली पलटन की वाल्मीकि बस्ती में शनिवार रात्रि को कबाड़ गोदाम में आग लग गई। इस दौरान आग की लपटें उठने और धुएं से आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई, कई लोग अपने घर छोड़कर दूर चले गए। स्थानीय लोगों ने पानी की मोटर चलाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें बढ़ती रहीं। पुलिस और नगर परिषद की 3 दमकलें मौके पर पहुंचीं। रात करीब 1 बजे आग पर काबू पाया गया, लेकिन कबाड़ में चिंगारियां सुलगती रहीं। बाद में रविवार सुबह तक दीवार तोड़कर कबाड़ बाहर निकालने और आग पूरी तरह बुझाने का काम जारी रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार काली पलटन में कबाड़ का काम करने वाले अब्दुल अंसारी का गोदाम में ऊपर से बिजली के तार भी गुजर रहे थे, आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी और इसके बाद पुराने टायरों ने आग पकड़ ली। सूचना मिलने पर पुलिस और नगर परिषद की 3 दमकलें मौके पर पहुंची, आग बुझाने के लिए जेसीबी मशीन भी बुलाई गई। गोदाम का शटर तोड़कर दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया, आग गोदाम में रखे पुराने गाड़ियों के टायरों तक पहुंच गई थी। इसके कारण आग बुझाने में काफी समय लगा। करीब दो घंटे की कोशिश के बाद रात 11 बजे आग पर काबू पाया गया, लेकिन आधे घंटे बाद कबाड़ में फिर आग धधकने लग। दमकलों ने दोबारा आग बुझाने का काम शुरू किया, मध्यरात्रि के बाद करीब 1 बजे आग पर फिर काबू पाया गया।

इसके बावजूद गोदाम के अंदर कबाड़ में रह-रहकर चिंगारियां उठ रही थीं। अल सुबह जेसीबी मशीन से गोदाम की दीवार तोड़ी गई। इसके बाद कबाड़ और मलबे को बाहर निकालकर आग पूरी तरह बुझाने का काम किया गया, ताकि आग दोबारा न भड़के। आग के कारण काली पलटन इलाके में ट्रैफिक को दूसरे रास्ते से निकाला गया। इस घटना में गोदाम मालिक को लाखों रुपए का नुकसान होने की बात सामने आई है।



शनिवार रात्रि को कबाड़ गोदाम में किन्ही कारणों से आग लग गई।

- पुलिस और नगर परिषद की 3 दमकलें मौके पर पहुंचीं।
- रात करीब 1 बजे आग पर काबू पाया गया

# सांभर में पेयजल लाइन के आये दिन टूटने से लाखों लीटर पानी बर्बाद

**सांभरझील, ( निसं )।** तकनीकी विशेषज्ञ माने जाने वाले जलदाय विभाग के एक्सईएन से लेकर सहायक अभियंताओं तक सांभर में बार-बार पेयजल लाइन टूटने अथवा भारी भरकम लीकेज होने की समस्या से निजात पाने के लिए अभी तक कोई तोड़ नहीं ढूंढ पाए हैं।

बताया तो यह जा रहा है कि विभाग की तरफ से समस्या के समाधान करने के लिए कोई बेहतरीन ग्रेस कार्य प्रणाली दिखाई नहीं दे रही है। इसी वर्ष अभी तक करीब 30 से 40 दफा अलग जगहों पर पेयजल लाइन टूटी, लेकिन विभाग की नींद इतनी गहरी और आरामदायक है की टूटने का नाम तब लेती है जब बेतहाशा पेयजल नालियों में बह जाता है। यानी अभी तक लाखों लीटर पानी जो सांभर की जनता के घरों तक पहुंचना चाहिए था वह सड़क और नालियों के रास्ते झील के खारडे तक पहुंच चुका है।

अनभिज्ञ की तरह काम करना बताएं, या अभियंताओं की घोर लापरवाही, लेकिन जनता को परेशानी तो बीसलपुर से पानी मिलने के बाद में भी होती ही है। उपखंड अधिकारी (एसडीएम) केवल अपने काम में व्यस्त है। उनकी जिम्मेदारी है कि वह सभी विभागों पर अपनी ग्रेस निगरानी रखें, कहीं कोई विभाग लापरवाही करता है, तो उसको निर्देश प्रदान करें। निर्देश की अवहेलना हो तो संबंधित विभाग के आला अफसरों को उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए लिखें।

एसडीएम की जिम्मेदारी इसलिए तय है, क्योंकि सरकार को सीधे विभागों की रिपोर्ट प्रगति की उनके माध्यम से ही समय-समय पर पहुंचाने का काम होता रहता है, लेकिन उनकी तरफ से भी इस मामले में कोई सीधी निगरानी नहीं की जा रही है जिससे लाखों लीटर पानी तो बर्बाद हो ही चुका है और जनता को भी पर्याप्त आपूर्ति मिलने में बाधा का कारण आज भी बना हुआ है।

### 'पंचायत चुनाव के परिणामों की समीक्षा करेगी सरकार'

**भरतपुर** (निसं)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को भरतपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए पंचायत राज चुनाव 2026 के परिणामों पर प्रतिक्रिया दी। बेड़म ने कहा कि जनता ने जो जनादेश दिया है, उसे स्वीकार करना और उसका सम्मान करना प्रत्येक राजनीतिक दल का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले तीन वर्षों में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी और जनता की मांग के अनुसार काम किए हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद पंचायत राज चुनावों में आए परिणामों की समीक्षा की जाएगी।

### 'आतंकवाद जैसी चुनौतियों का समाधान संवाद से ही'

**टोंक।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गत शनिवार को जिले के निवाई क्षेत्र स्थित वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित कार्यक्रम ब्रिक्स वूमन लिडर्स समित के उद्घाटन में पंहुचे।

इस सम्मेलन में ब्रिक्स देशों एवं साझेदार राष्ट्रों से आई महिला सांसदों, नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, उद्यमियों और अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिरला ने महिला नेतृत्व, लोकतांत्रिक संस्थाओं में उनकी भागीदारी तथा वैश्विक चुनौतियों के समाधान में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

जहां सत्र को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि वैश्विक शांति, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों का समाधान संवाद, सहयोग और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। कृषि, जल प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा, मानवीय सहायता और पुनर्वास जैसे क्षेत्रों में महिलाओं का अनुभव एवं नेतृत्व प्रभावी समाधान प्रस्तुत कर सकता है।

# रेलवे कर्मचारियों का मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन

**निवाई।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रेलवे कर्मचारियों ने मांगों को लेकर रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों का आठवां वेतन आयोग को शीघ्र लागू करने, पुरानी पेंशन, ट्रैक मेंटेनर की पेट्रोलिंग बीट 16 किलोमीटर से 12 किलोमीटर करने, केंद्रीय रेलवे अस्पतालों सहित सभी अस्पतालों में चिकित्सक एवं पर्याप्त पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध करवाने व सिग्नल रनिंग एवं टीआरडी कर्मचारियों की मांगों को को लेकर रेल प्रशासन के खिलाफ शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारी चाहे किसी भी विभाग का हो रेल सेवा में दिन-रात लगे रहते है। इंजीनियरिंग विभाग का कर्मचारी सर्दी, गर्मी एवं बरसात में रेल ट्रैक पर घूम कर ट्रैक की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते है। उनकी मांगों को शीघ्र समाधान होना चाहिए। जिससे कर्मचारियों को राहत मिल सकें। इस अवसर पर जयपुर सवाई माधोपुर के शाखा सचिव कामरेड मदनसिंह राजावत, उपाध्यक्ष कामरेड मुकेश जाट बालापुरा, युवा नेता कामरेड भागचंद गुर्जर बनेठा, पप्पूलाल योगी, स्टेशन मास्टर जगदीश तिवारी, सुरेश योगी, उपेंद्र बैरवा, मनोज शर्मा, हरिशंकर जाट, रूपनारायण मीणा, सुरेश जाट व पप्पूलाल मीणा सहित कई कर्मचारी मैजूद थे।



विरोध प्रदर्शन के दौरान निवाई रेलवे स्टेशन सुनसान रहा।

- रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रेलवे कर्मचारियों ने मांगों को लेकर रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

# वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए जनभागीदारी व जागरूकता पर जोर

**कोटपूतली,**(निंस)। संभागीय आयुक्त एवं जिला प्रभारी सचिव वी. सरवन कुमार ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देशों की अनुपालना को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता एवं एडीएम सोहन सिंह नरुका सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव ने कहा कि वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ आमजन की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन को जागरूक करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीएक्यूएम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार सेहरा ने सीएक्यूएम के निर्देशों, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों एवं अब तक की गई अनुपालना के संबंध में संक्षिप्त प्रस्तुति दी। इस दौरान जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने भी वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए धरातल पर की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के पश्चात प्रभारी सचिव ने नीमराणा पहुंचकर वायु गुणवत्ता निगरानी एवं प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय में स्थापित ऑनलाईन सतत वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) की निगरानी व्यवस्था तथा सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी मोबाईल वैन का जायजा लिया। इसके साथ ही जापानी जोन स्थित एक औद्योगिक ईकाई का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता राहुल डाबर, वैज्ञानिक अधिकारी चेतन आर्य एवं उपखंड अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



संभागीय आयुक्त वी. सरवन कुमार ने विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

- प्रभारी सचिव ने की सीएक्यूएम निर्देशों की समीक्षा
- नीमराणा में वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र एवं औद्योगिक ईकाई का निरीक्षण किया

## सार-समाचार

### खंडेलवाल धर्मशाला के कमरे में लगी आग

**राजगढ़।** कस्बे के खंडेलवाल धर्मशाला के कमरे में शुक्रवार देर रात्रि करीब 12 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से कुर्सियां सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है। आग लगने की सूचना पर आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की मगर आग पर काबू नहीं हो सका। आग लगने की सूचना स्थानीय फायर ब्रिगेड केंद्र को दी मगर ड्राइवर नहीं मिलने के कारण गाड़ी अलवर से राजगढ़ पहुंची। इसके बाद अग्निशमन दल की सहायता से आग पर काबू पाया जा सका। इस आगजनी में दर्जनों प्लास्टिक की कुर्सियां, गद्दे रजाई, कमरे में खड़ी बाइक, एवं बक्सों में रखा खंडेलवाल महिला समिति का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से कमरा सहित खंडेलवाल धर्मशाला परिसर में धुआ धुआ हो गया। इधर का धर्मशाला के पास में विवाह समारोह का आयोजन था जिसके कारण लोग शादी में व्यस्त थे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि नगर पालिका की दमकल वाहन मैं तकनीकी खराबी थी जिसके चलते ड्राइवर चला गया था। गाड़ी को ठीक करा दिया गया है।

### अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में उनियारा पुलिस टीम ने लोकल एंव स्पेशल माइनर एक्ट के तहत चलाये जा रहे विशेष अभियान में कार्यवाही करते हुए उनियारा थाने की अलग अलग टीमो ने अवैध मादक पदार्थ व शराब की रोकथाम में कार्यवाही करते हुए आरोपी भरत लाल पुत्र कानजी मीणा ओलवाडा थाना कुण्डेरा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 पव्वे देशी शराब तथा अन्य टीम ने आरोपी धनराज पुत्र सोजीलाल रेगर उम्र 28 साल निवासी पलाई थाना उनियारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 64 पव्वे देशी शराब के जप्त किये गये है। इस कार्यवाही में पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियत में प्रकरण दर्जकर अनुसंधान जारी है।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने संभाला पदभार

**निवाई।** ग्राम पंचायत जामडोली में नवनिर्वाचित सरपंच संतोष शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह की शुरुआत ग्राम पंचायत में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ की गई, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि व विकास की कामना की गई। इस अवसर पर प्रशासक सत्यनारायण खटीक ने नवनिर्वाचित सरपंच संतोष शर्मा को औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा और उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दीं। नवनिर्वाचित सरपंच संतोष शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। पूर्व सरपंच सत्यनारायण शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए नए सरपंच को पंचायत के विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच संतोष शर्मा ने सभी ग्रामीणों, वार्ड पंचों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जामडोली ग्राम पंचायत की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरी ग्राम पंचायत के हर एक नागरिक की जीत है। उन्होंने कहा कि वह बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे एवं ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव में स्वच्छता, पेयजल, सडक़, शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। इस दौरान उन्होंने पूर्व सरपंच, प्रशासक, उप सरपंच सहित सभी वार्ड पंचों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों में सभी के निरंतर सहयोग करने की अपील की। समारोह में वार्ड पंच चरंजीलाल बैरवा, ममता रैगर, कुणाल भदौरिया, रेखा मीणा, संतरा मीणा, बाबूलाल योगी, रामावतार माली, फैलीराम मीणा व प्रियंका जांगिड़ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सृजक की कवि गोष्ठी में नवंबर में जन्मे कवियों का होगा सम्मान

**अलवर।** अलवर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था सृजक की ओर से मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन 22 नवंबर (रविवार) को दोपहर 1:30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम रेलवे स्टेशन के सामने संजय कॉलोनी स्थित एमएनसीआई कोचिंग के सभागार में संस्थान के अध्यक्ष सरदार अमरीक सिंह अदब की अध्यक्षता में आयोजित होगा। संस्थान के सचिव रामचरण राग ने बताया कि गोष्ठी में नवंबर माह में जन्म लेने वाले कवियों को मोतियों की माला, तिरंगा पटका और पेन भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि रघुवर दयाल जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कवि गोष्ठी में अलवर के युवा कवियों, वरिष्ठ साहित्यकारों, गणमान्य नागरिकों और साहित्यप्रेमियों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में काव्य पाठ के माध्यम से साहित्यिक अभिव्यक्तियों और रचनात्मक संवाद का अवसर मिलेगा। सरिस्का में बिग कैट अलायंस की तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न, विशेषज्ञों ने सीखे बाघों को बेहोश करने और फोरेंसिक जांच के गुर 10 राज्यों के वन अधिकारियों और पशु चिकित्सकों ने लिया प्रशिक्षण, वन्यजीवों को बीमारियों और शिकारियों से बचाने पर हुआ मंथन अलवर।बाघों सहित दुर्लभ वन्यजीवों को जानलेवा बीमारियों और शिकारियों के खतरे से बचाने के लिए सरिस्का बाघ अभयारण्य में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस और विश्व बैंक समूह की तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला के अंतिम दिन 10 राज्यों से आए वन अधिकारियों और पशु चिकित्सकों ने फील्ड प्रैक्टिकल के माध्यम से वन्यजीवों के स्वास्थ्य की निगरानी, रेस्क्यू और संरक्षण से जुड़ी तकनीकों का प्रशिक्षण लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने वन्यजीवों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण पर जोर दिया। डॉ. प्रदीप मलिक ने वन्यजीवों, मनुष्यों और पर्यावरण के स्वास्थ्य के आपसी संबंधों को समझाते हुए रोग निगरानी की महत्ता बताई। वहीं डॉ. सनथ के. मुलिया ने बिग कैट्स को सुरक्षित तरीके से बेहोश करने (ट्रैंक्विलाइजेशन), रेस्क्यू और कॉलरिंग की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

# अलवर में कांग्रेस की जीत भूपेंद्र यादव के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश : जूली

**अलवर / जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पंचायत चुनावों में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन पर प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अलवर में कांग्रेस की जीत आमजन के विश्वास, प्यार और आशीर्वाद की जीत है। जिला परिषद में कांग्रेस का एकतरफा दबदबा इस बात का प्रमाण है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों की जनता से दूरी और कांग्रेस के सुख-दु:ख में साथ खड़े रहने की राजनीति के बीच जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। यह चुनाव कांग्रेस ने नहीं, बल्कि आमजन ने कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ा है। असल लड़ाई भाजपा और आम जनता के बीच थी, जिसमें जनता ने अपना निर्णय दे दिया है। जूली ने कहा कि अलवर की जनता ने जिस तरह कांग्रेस को अपना समर्थन दिया है, वह केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव के लिए भी एक बड़ा राजनीतिक संकेत है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद अलवर में भाजपा को मिली हार यह बताती है कि केवल सत्ता और पद के बल पर जनता का विश्वास हासिल नहीं किया जा सकता। भाजपा के नेताओं और जनप्रतिनिधियों को जनता से दूरी बनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। अब भाजपा नेताओं को जनता के बीच जाकर अपने कामकाज का जवाब देना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता ने बदहाल कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, जनहित की योजनाओं को कमजोर करने और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ अपने मताधिकार से जवाब दिया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में आमजन खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इसके विपरीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगातार जनता के बीच रहकर उनके मुद्दों को उठाया और उनके सुख-दु:ख में भागीदारी निभाई। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस को व्यापक जनसमर्थन मिला है। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वयं इन चुनावों को सेमीफाइनल बताया था। अब सेमीफाइनल का परिणाम सबके सामने है। मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि जब उनकी टीम सेमीफाइनल में ही हार गई है तो फाइनल कैसे खेलेगी? क्या सरकार फाइनल खेलने की तैयारी करेगी या फिर पर्ची बदलेगी और कोई दूसरी पर्ची सामने आएगी? भाजपा सरकार को अब जनता के मिजाज को समझते हुए अपना बोरिया-बिस्तर बांधने की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

जूली ने कहा कि यह जीत कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता, संगठन की एकजुटता और मेहनत का परिणाम है।